बेडा पार लगा दो बालाजी | By Anup Saawariya

बालाजी हनुमान हमारे संकट दूर भगाओ जी
बीच भवन में अटकी नैया बेडा पार लगाओ जी
बालाजी हनुमान हमारे .....

राम नाम का कीर्तन मेरे बालाजी को प्यारा
राम नाम लेने वालों का मिटता संकट सारा
राम राम जय राजा राम सारे मिलके गाओ जी
बीच भवन में अटकी नैया बेडा पार लगाओ जी
बालाजी हनुमान हमारे .....

मेहंदीपुर और सालासर में है दरबार लगाया
भूत प्रेत और अला बला को पल में दूर भगाया
मेरे संकट कब काटोगे इतना तो बतलाओ जी
बीच भवन में अटकी नैया बेडा पार लगाओ जी
बालाजी हनुमान हमारे .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%87%e0%a4%a1%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-anup-saawariya/